an>

Title: Need to impress upon Agricultural & Processed Food Products Export Development Authority to withdraw the appeal filed by it challenging the decision of Intellectual Property Board to grant Geographical Indication Certification to Basmati Rice produced in Madhya Pradesh.

श्री आलोक संजर (भोपाल) : अध्यक्ष महोदया, मध्य प्रदेश में करीब दो लाख हैक्टेअर भूमि में उत्तम श्रेणी के बासमती चावल की पैदावार होती है। बौद्धिक संपदा बोर्ड ने भौगोलिक उपदर्शन (Geographical Indication) के तहत मध्य प्रदेश में पैदा होने वाली उत्तम किस्म की चावल को बासमती चावल का दर्जा दिया है। परन्तु कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण ने इस आदेश को चेन्नई स्थित बौद्धिक संपदा अपीलीय बोर्ड में चुनौती दी है।

मध्य प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री महोदय ने इस सम्बन्ध में पूर्व प्रधानमंत्री एवं कृषि मंत्री को कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण द्वारा अपनी अपील को वापस लेने के सम्बन्ध में कई पत्र प्रेषित किए हैं। इस अपील के कारण मध्य प्रदेश के हजारों किसानों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है।

मैं कृषि मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि शीघ्रातिशीघ्र कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण को निर्देश जारी करें, ताकि चेन्नई स्थित बौद्धिक संपदा अपीलीय बोर्ड में दायर की गयी अपील को तुरन्त वापस लिया जाए।

<u>14.12 hrs</u> (Prof. K.V. Thomas *in the Chair*)